ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

**राजेश अरोड़ा**
कुलसचिव (कार्यवाहक)
**Rajesh Arora**
Registrar (Acting)

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902

**क्रमांक** : 19/2024-25/National Space Day/177/285
**दिनांक** : 22.08.2024

## सूचना

भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा **'चंद्रयान–3'** के यशस्वी प्रक्षेपण की स्मृति में दिनांक 23 अगस्त को **राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस** के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। संयुक्त सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्रांक : A. **44011/01/2024-E.IV, दिनांक 19.08.2024 के अनुसार दिनांक 23.08.2024 को पूर्वाह्न 09:30 बजे से राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का मुख्य कार्यक्रम भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित हो रहा है, जिसका जीवंत प्रसारण (Live Streaming) किया जा रहा है।**

विश्वविद्यालय द्वारा उक्त कार्यक्रम को देखने की ऑनलाइन व्यवस्था **ग़ालिब सभागार, तुलसी भवन** में की गई है, जिसे देखने हेतु विश्वविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य, शिक्षकेतर कर्मी तथा विद्यार्थी आमंत्रित हैं।

कृपया अवगत हों कि विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20.08.2024 को निर्गत सूचना अनुसार **राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस** के अवसर पर प्रो. जितेन्द्र कुमार राय (Fellow, Indian Institute of Advanced Studies, Shimla, and Visiting faculty member in Usmanu Danfodiyo University, Sokoto Nigeria) का **दिनांक 23.08.2024 को अपराह्न 04:00 बजे महादेवी वर्मा सभागार, तुलसी भवन में ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान भी यथावत आयोजित होगा**।

उपर्युक्त आयोजन में समस्त संकाय सदस्य, शिक्षकेतर कर्मी तथा विद्यार्थियों/शोधार्थियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

22/08/24
(राजेश अरोड़ा)

**प्रति** : उपर्युक्तानुसार समस्त संबंधित।

**प्रतिलिपि (ई-मेल द्वारा) :**

1. कुलपति कार्यालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केंद्र निदेशक, निदेशक : दूर शिक्षा निदेशालय एवं वर्धा समाज कार्य संस्थान तथा क्षेत्रीय केंद्रों के अकादमिक निदेशक/प्रभारी
3. अधिठाता, साहित्य विद्यापीठ को आवश्यक व्यवस्था हेतु
4. वित्त अधिकारी
5. परीक्षा नियंत्रक
6. पुस्तकालयाध्यक्ष
7. कार्यक्रम के संयुक्त संयोजक को कार्रवाई हेतु
8. प्रभारी, लीला को तकनीकी व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु